**एन एफ -12012 (26)/1/2025 -स्था -एन एफ आर ए**

**राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण**

**NATIONAL FINANCIAL REPORTING AUTHORTY**

*********

7वीं &8 वीं मंजिल, हिंदुस्तान टाइम्स हाउस
कस्तूरबा गांधी मार्ग ,नई दिल्ली 110001
**दिनांक 20 फरवरी 2025**

**परिपत्र**

**राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण, नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति /अल्पकालीन संविदा आधार पर उप महाप्रबंधक (DGM) के पद को भरा जाना ।**

एन एफ आर ए, नई दिल्ली कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 132 के तहत एक सांविधिक निकाय है जो उच्च गुणवत्ता के लेखांकन और लेखा परीक्षा मानक स्थापित करके, कंपनियों और कॉर्पोरेट निकायों द्वारा किए गए लेखांकन कार्यों और लेखा परीक्षकों द्वारा किए गए लेखा परीक्षा कार्यों की निगरानी रखते हुए, कंपनियों और कॉर्पोरेट निकायों के निवेशकों ,लेनदारों और अन्य सम्बद्ध व्यक्तियों के सार्वजनिक हितों की रक्षा करने के लिए स्थापित की गई है ।

2. यह प्राधिकरण अपने इस मुख्यालय, नई दिल्ली में **उप महाप्रबंधक** के पदों को भरने के लिए प्रस्ताव रखता है । उक्त पद के लिए नियुक्ति तीन साल की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति अथवा अल्पकालीन संविदा आधार पर होगी ।

3. उक्त पद के लिए प्रतिनियुक्ति अथवा अल्पकालीन संविदा आधार पर भर्ती के लिए पात्रता इस प्रकार है :

**प्रतिनियुक्ति के लिए :**

*ग्रुप “ए” अधिकारी, अखिल भारतीय सेवा अथवा केन्द्रीय सिविल सेवाओं में निम्नानुसार सेवा की हो :

*पे मेट्रिक्स के लेवल 12 (रू 78800-209200 ) में नियमित सेवा, अथवा

*पे मेट्रिक्स के लेवल 11 (रू 67700-208700) में **05 वर्ष** की नियमित सेवा की हो ।

अथवा

*पे मेट्रिक्स के लेवल 10 (रू 5600-177500) में **09 वर्ष** की नियमित सेवा की हो ।

*निम्न लिखित क्षेत्रों में से एक या अधिक क्षेत्रों में न्यूनतम **03 वर्ष** का अनुभव: विधि, जांच-पड़ताल ,वित्त, इकोनॉमिक्स, लेखांकन ,लेखा परीक्षा या प्रशासन में ।

**अल्पकालीन संविदा के लिए :**

*आर बी आई ,सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकों ,सरकारी वित्तीय संस्थानों , विनियमक निकायों , सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों और अन्य सरकारी संस्थानों के अधिकारी ।

*अधिकारी संवर्ग में न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव ।

* शैक्षणिक योग्यता के बाद विधि ,जांच पड़ताल ,वित्त , इकोनॉमिक्स ,लेखांकन ,लेखा परीक्षा या प्रशासन में न्यूनतम 05 वर्ष का होना चाहिए ।

4. अल्पकालीन संविदा आधार पर पद पर भर्ती के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता मास्टर ऑफ बिजनिस (एम बी ए ) ; या वित्त में विशेषज्ञता के साथ समकक्ष ; या चार्टर्ड अकाउंटेंट (सी ए ); या चार्टर्ड फाइनेंशियल अनलिस्ट (सी एफ ए ); किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से इकोनॉमिक्स, वित्त या किसी अन्य संगत विषय में परास्नातक डिग्री प्राप्त की हो । किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से लॉ में डिग्री **वांछनीय** है ।

5. आवेदन- पत्र उन आवेदकों से आमंत्रित किए जाते हैं जिनके पास सामान्य प्रबंधन ,वित्त & लेखा, और एच आर & प्रशासन संबंधी मुख्य कार्यों पर निगरानी रखने का अनुभव हो ताकि प्रचालन दक्षता और नियामक अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके । इस भूमिका में रणनीतिक योजना, नीति कार्यान्वयन,और विभागों के बीच समन्वय शामिल है । यह अधिकारी बजट तैयार करना ,वित्तीय रिपोर्टिंग ,भर्ती ,कार्मिक प्रबंधन और सम्पूर्ण कार्यालय प्रशासन के लिए जिम्मेदार होगा ।

वित्तीय विवरणियों की समीक्षा मे भूमिका निभाने के लिए, लेखा परीक्षा गुणवत्ता की मॉनिटरिंग /समीक्षा /निगरानी रखने और लेखा परीक्षा तथा लेखांकन मानकों का अनुपालन कराने पर निगरानी रखने के लिए आवेदकों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदकों से आवेदन- पत्र सूचना प्रौद्योगिकी (Information of Technology)से संबंधित कार्य जिसमें एन एफ आर ए के उद्देश्यों और लक्ष्यों इत्यादि के साथ -साथ साइबर सुरक्षा, डाटा प्रबंधन ,विकास, और आई टी स्ट्रेटजीज के कार्यान्वयन शामिल है, के लिए आमंत्रित किए जाते हैं ।

इसी अनुक्रम में, आवेदनकर्ताओं द्वारा इन भूमिकाओं के लिए अपने उद्देश्य के विवरण में अपनी उपयुक्तता को शामिल किया जाए।

**जिन अधिकारियों ने सामान्य कार्यालय प्रबंधन ,वित्त & लेखा,और एच आर & प्रशासन संबंधी कार्य किए हैं ,वह भी आवेदन कर सकते हैं ।**

6. अभ्यर्थी जिस पद के लिए आवेदन-पत्र भेज रहा है, उसकी पात्रता के बारे में स्वयं संतुष्ट होना चाहिए। एन एफ आर ए उनकी पात्रता निर्धारित करेगा और केवल पात्र अभ्यर्थियों को ही लिखित परीक्षा /साक्षात्कार के लिए बुलाएगा । एन एफ आर ए द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार, चयन प्रक्रिया में उपयुक्त आकलन (लिखित परीक्षा और / या साक्षात्कार ) शामिल है । सक्षम प्राधिकारी के निर्णयानुसार, चयन प्रक्रिया में संशोधन करने का अधिकार एन एफ आर ए के पास सुरक्षित है।

7. न्यूनतम वेतनमान पर मासिक परिलब्धियाँ लगभग रु 2.33 लाख आकलित की गई है । एच आर ए , ट्रांसपोर्ट, चिकित्सा, टेलीफोन बिल की प्रतिपूर्ति इत्यादि, जो भी लागू हो, का भी भुगतान किया जाएगा । प्रतिनियुक्ति /अल्पकालीन संविदा आधार पर कर्मचारी पद का वेतन या अपने पैतृक संवर्ग का वेतन प्रतिनियुक्ति भत्ता सहित प्राप्त करना चयन कर सकते है । वेतन और भत्तों के संबंध में एन एफ आर ए में सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम निर्णय होगा ।

8. उप महाप्रबंधक(DGM) पद की अस्थाई रिक्तियों की संख्या **01** है। हालांकि, एन एफ आर ए के पास सभी पदों को भरने अथवा न भरने का अधिकार सुरक्षित है। सर्वोत्तम उपयुक्तता के मामले में भरे जाने वाले पदों की संख्या बढ़ाने या कम करने का अधिकार भी प्राधिकारी के पास सुरक्षित होगा । प्राधिकारी किसी भी आधार पर इस विज्ञापन को पूर्ण रूप से अथवा आंशिक रूप से रद्द करने का भी अधिकार सुरक्षित रखता है ।

9. प्रतिनियुक्ति या अल्पकालीन संविदा आधार के लिए अधिकतम उम्र सीमा आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख को **56 वर्ष** है ।

10. उक्त पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को अपने आवेदन-पत्र निर्धारित प्रपत्र में **(अनुलग्नक)** भरकर पिछले 05 वर्षों के ए सी आर /ए पी ए आर की साक्ष्यांकित प्रतियों ,संवर्ग क्लियरेन्स और विजिलेन्स क्लियरेन्स (मेजर /माइनर पेनल्टी यदि कोई, पिछले 10 वर्षों में लगाई गई हो) के साथ अपने संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी के माध्यम से भेजा जाना चाहिए । अधूरे आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा । उपर्युक्त दस्तावेजों के प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदन पत्रों को सरसरी-तौर पर रद्द कर दिया जाएगा ।

11. निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन-पत्रों को स्वीकार नही किया जाएगा । आवेदन-पत्र के प्राप्त होने में किसी भी देरी के लिए अथवा डाक से भेजे जाने में उसके खो जाने के लिए एन एफ आर ए की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी । सभी मामलों में प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा और इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

12. जो अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों से संतुष्ट हों, केवल वही निर्धारित प्रपत्र में अपने विवरण भरकर आवेदन-पत्र भेजें । आवेदन- पत्र एक लिफ़ाफ़े मे जिस पर "**एन एफ आर ए में उप महाप्रबंधक (DGM) के पद के लिए आवेदन पत्र** " लिखा हो , उचित माध्यम से निम्न लिखित पते पर भेजा जाना चाहिए :

**सचिव ,**<br>
**राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण,**<br>
**7 वां तल , हिंदुस्तान टाइम्स हाउस,**<br>
**18-20 कस्तूरबा गांधी मार्ग नई दिल्ली -110001**

13. **सभी आवेदन- पत्र रोजगार समाचार में इस रिक्ति नोटिस के विज्ञापन की तिथि से दो महीने तक अथवा उससे पहले इस कार्यालय को पहुँच जाना चाहिए । निर्धारित दस्तावेजों के साथ अग्रिम आवेदन-पत्र ईमेल आई डी dgm@nfra.gov.in पर भेजे जाए । (नोट** :यदि इस नोटिस में कोई बदलाव होता है तो उसे एन एफ आर ए की वेबसाइट पर दर्शाया जाएगा । रुचि रखने वाले अधिकारियों से अनुरोध किया जाता है कि एन एफ आर ए की वेबसाइट nfra.gov.in को नियमित रूप से देखते रहें )।

(सिमरदीप सिंह आहूजा )<br>
उप महाप्रबंधक

प्रति :

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय /विभागों को ।
2. सभी राज्य सरकारों /संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों को ।
3. आर बी आई / सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकों ,सरकारी वित्तीय संस्थानों, विनियामक निकायों , सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों/ सांविधिक निकायों /अन्य सरकारी संस्थानों को ।
4. निदेशक (प्रशासन ), कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग को प्रति इस अनुरोध के साथ कि वे इस रिक्ति परिपत्र को कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट के **सरकारी सेक्शन में मंत्रालय /विभाग/संगठन के रिक्ति अधिसूचना** के लिए प्रस्तुत करने की व्ययस्था करें ।
5. अवर सचिव [सीएस-1 (पी)] कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग को प्रति इस अनुरोध के साथ कि इस रिक्ति परिपत्र को कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट के **व्हाट्स न्यू** सेक्शन पर व्यापक प्रचार- प्रसार के लिए प्रस्तुत करने की व्यवस्था करने का कष्ट करें ।
6. सहायक प्रबंधक (आई टी), एनएफआरए को प्रति इस अनुरोध के साथ कि इस रिक्ति परिपत्र को एनएफआरए की वेबसाइट ,एनएफआरए के सोशल मीडिया हेंडलस और कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए व्यवस्था करने का कष्ट करें ।

अनुलग्नक

एन एफ आर ए में रिक्तियों के लिए आवेदन- पत्र

पद जिसके लिए आवेदन किया गया : उप महाप्रबंधक (DGM)

प्रतिनियुक्ति /अल्पकालीन संविदा के लिए आवेदन- पत्र है (कृपया टिक करें )

| आवेदक का हाल ही में खिंचा हुआ पासपोर्ट साइज का रंगीन फोटोग्राफ |
|---|

| क्रम संख्या | विवरण | आवेदन कर्ता द्वारा भरे जाने वाला विवरण |
|---|---|---|
| 1 | आवेदक का नाम | |
| 2 | वर्तमान पदनाम | |
| 3 | यदि आवेदन- पत्र प्रतिनियुक्ति के लिए है:<br>अधिकारी निम्न में से किस सेवा से संबंध रखता है :<br>(क) अखिल भारतीय सेवा अथवा केन्द्रीय सिविल सेवा से ग्रुप "ए" अधिकारी<br>(ख) ग्रुप "ए" अधिकारी के रूप में प्रविष्टि की तारीख | |
| 4 | संगठन का नाम जिसमें सेवारत है : | |
| 5 | क्या वर्तमान में प्रतियुक्ति /अल्पकालीन संविदा पर है ?<br><br>यदि हाँ ,तारीख जिससे प्रतिनियुक्ति पर हैं :<br>संगठन का नाम जिसमें प्रतिनियुक्ति पर हैं:<br>पदनाम जिस पर प्रतिनियुक्ति पर है : | |
| 6 | यदि आवेदन- पत्र अल्पकालीन संविदा के लिए है :<br>(क) निम्नलिखित में से सेवारत संगठन का प्रकार: आर बी आई / सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकों ,सरकारी वित्तीय संस्थान, विनियामक निकाय, सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रम/ सांविधिक निकाय /अन्य सरकारी संस्थान ।<br>(ख) अधिकारी संवर्ग में प्रविष्टि की तारीख संगत सपोर्टिंग दस्तावेजों के साथ । | |
| 7 | संपर्क विवरण:<br>कार्यालय का पता :<br>ईमेल :<br>मोबाइल नं :<br>दूरभाष नं : | |
| 8 | संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी का नाम ,पदनाम, ईमेल आई डी.और फोन नं | |
| 9 | यदि चयन कर लिए जाते हो, कार्य मुक्त करने वाले अधिकारी का नाम ,पदनाम ,ईमेल ,आई डी, और दूरभाष नं । | |
| 10 | जन्म- तिथि ( जन्म तिथि का प्रमाण संलग्न करें ): | |

| | | |
|---|---|---|
| 11 | जिस पद के लिए आवेदन किया है उसके आवेदन- पत्र प्राप्त होने की अंतिम तारीख को पद के लिए उम्र सीमा | आवेदन-पत्र के प्राप्त होने की अंतिम तारीख को आवेदनकर्ता की उम्र |
| | **56 वर्ष** | |
| 12 | जहां अधिकारी सेवारत है वहाँ लागू सेवा नियमों के तहत सेवानिवृति की तारीख । | |
| 13 | **शैक्षणिक अर्हता** * नोट :यद्यपि प्रतिनियुक्ति के संबंध में न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता की कोई आवश्यकता नहीं है ,फिर भी ऐसे आवेदनकर्ताओं को भी अपनी शैक्षणिक अर्हता का ब्यौरा भरने की जरुरत हैं । | |

| अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता जो पद के लिए आवश्यक है | आवेदनकर्ता द्वारा प्राप्त शैक्षणिक अर्हता (डिग्री/प्रमाण पत्र /आई सी ए आई की सदस्यता की प्रति संलग्न करें )। |
|---|---|
| चार्टर्ड अकाउंटेंट (सी ए) या वित्त में विशेषज्ञता के साथ मास्टरऑफ बिजनिस एडमिनिस्ट्रेशन (एम बी ए ); या चार्टर्ड फाइनेंशियल अनलिस्ट (सी एफ ए) अथवा किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से वाणिज्य, इकोनॉमिक्स, वित्त या किसी अन्य संगत विषय में परास्नातक डिग्री प्राप्त की हो । | |

| आवेदक द्वारा प्राप्त शैक्षणिक अर्हता | उक्त योग्यता प्राप्त करने की तारीख (स्वयं साक्ष्यांकित सपोर्टिंग दस्तावेज संलग्न करें )। |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |

| पद के लिए बताई गई वांछनीय शैक्षणिक अर्हता | आवेदनकर्ता द्वारा प्राप्त शैक्षणिक अर्हता (डिग्री की प्रति संलग्न करें ) |
|---|---|
| मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से लॉ में डिग्री | |

**14** यदि आवेदन- पत्र प्रतिनियुक्ति के लिए है :

| | |
|---|---|
| नियमित आधार पर धारित पद (अर्थात मूल)आधार पर | |
| नियमित आधार पर आहरित वेतन मान (अर्थात मूल)आधार पर | |
| नियमित आधार पर आहरित वेतन स्तर (अर्थात मूल) आधार पर | |
| वह तारीख जिससे नियमित आधार (अर्थात मूल ) पर उक्त स्तर में सेवा की है । | |

**15** **अनुभव** *यदि आवेदन-पत्र प्रतिनियुक्ति के लिए है :

| जिस पद के लिए आवेदन किया है उसके लिए आवश्यक न्यूनतम सेवा अवधि / ग्रेड | इस संबंध में आवेदक का वास्तविक सेवा विवरण |
|---|---|
| अखिल भारतीय सेवा अथवा केन्द्रीय सिविल सेवाओं के ग्रुप "ए" अधिकारी जिन्होंने निम्न लिखित सेवा पूरी की हो :<br>(i)पे मेट्रिक्स में लेवल -12 (रू 78800-209200) में नियमित आधार पर नियुक्ति होने के बाद उस ग्रेड में सेवा की हो ;<br>अथवा<br>(ii) पे मेट्रिक्स में लेवल-11 (रू 67700-208700) में नियमित आधार पर नियुक्ति होने के बाद उस ग्रेड में **05** वर्ष नियमित सेवा की हो ।<br>अथवा<br>(iii) पे मेट्रिक्स में लेवल -10 (रू 56100-177500) में नियमित आधार पर नियुक्ति होने के बाद उस ग्रेड में **09** वर्ष की नियमित सेवा की हो ; | |

| **पद के लिए अनिवार्य अनुभव** | **आवेदक द्वारा प्राप्त अनुभव** | |
|---|---|---|
| विधि, जांच पड़ताल, वित्त, इकोनॉमिक्स , लेखांकन, लेखा परीक्षा और प्रशासन में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए । | क्षेत्र | सेवा अवधि |
| | | |

विपरीत अनुक्रम में सरकारी सेवा में प्राप्त अनुभव का विवरण दें (अतिरिक्त शीट संलग्न की जाए )।

**16** **अनुभव** *यदि आवेदन-पत्र अल्पकालीन संविदा के लिए है :

| जिस पद के लिए आवेदन किया है उसके लिए आवश्यक अनुभव | इस संबंध में आवेदक का वास्तविक सेवा विवरण |
|---|---|
| | |

| | |
|---|---|
| अधिकारी संवर्ग में अथवा प्रबंधन ग्रेड में अनुभव 10 वर्ष से कम नहीं । | |

| **शैक्षिक योग्यता के बाद पद के लिए अनिवार्य अनुभव** | **आवेदक द्वारा प्राप्त अनुभव** | |
|---|---|---|
| अधिकारी संवर्ग अथवा प्रबंधन ग्रेड में अनुभव **10 वर्ष** से कम नहीं जिसमें से विधि, जांच पड़ताल, वित्त, इकोनॉमिक् ,लेखांकन, लेखा परीक्षा और प्रशासन के क्षेत्र में **शैक्षिक योग्यता के बाद न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव।** | क्षेत्र | सेवा अवधि |
| | | |

विपरीत अनुक्रम में अधिकारी संवर्ग में प्राप्त अनुभव का विवरण दें (अतिरिक्त शीट संलग्न की जाए ) ।

| | | |
|---|---|---|
| **17** | कोई अन्य सूचना जो आवेदक द्वारा किए गए आवेदन के लिए अपनी उपयुक्तता के सपोर्ट में प्रस्तुत करना चाहता हो । | |
| **18** | पिछले 5 वर्ष की ए पी ए आर की साक्ष्यांकित प्रतियां संलग्न करें ** ( कृपया यहाँ ए पी ए आर की अवधि और संबंधित ग्रेडों का उल्लेख करें )। | |
| **19** | विजिलेंस क्लियरेन्स की प्रति संलग्न करें ** | |
| **20** | 100 शब्दों में उद्देश्य का विवरण दें । | |

**नोट :कृपया आवेदन-पत्रों के पूरे सेट की पृष्ठ संख्या और संलग्न दस्तावेजों का सूचकांक मुहैया करने का कष्ट करें ।**

*कृपया अपने आवेदन-पत्र की सपोर्ट में अपनी शैक्षणिक अर्हता और अनुभव की प्रति संलग्न करें जैसाकि आवेदन किए जाने वाले पद के लिए आवश्यक है ;

**आवेदन पत्र अग्रेषित करने वाले सक्षम प्राधिकारी द्वारा भरा जाना है ।

यह प्रमाणित किया जाता है कि ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं ।

आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांक

यह प्रमाणित किया जाता है कि ऊपर दिए गए विवरण आवेदक के सेवा रिकॉर्ड से सत्यापित किए गए हैं और सही पाए गए हैं ।

आवेदन- पत्र अग्रेषित करने वाले संगठन के सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर और मोहर

दिनांक

आवेदन-पत्र अग्रेषित करने वाले सक्षम प्राधिकारी का पता ,दूरभाष नं और ईमेल आई डी